
मूल्य – 5 रु.

# तारांशु

मासिक


मार्च – अप्रैल 2025
वर्ष 10, अंक 12, पृ.सं. 20



## ये सुहाने पल...

(उदयपुर की फतेहसागर झील का आनन्द लेते हुए वृद्धाश्रम आवासी)

+91 9549399993
+91 9649399993



## ''आनन्द वृद्धाश्रमों हेतु भविष्य निधि योजना''

तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि ( Corpus Fund ) में सहयोग देवें।

| | | |
|---|---|---|
| वृद्धजन सहयोगी ''शांति'' रु. 1,00,000/- | वृद्धजन सहयोगी ''शक्ति'' रु. 51,000/- | वृद्धजन सहयोगी ''आस्था'' रु. 21,000/- |

आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।

| | |
|---|---|
| आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )<br>01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु. | वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन<br>4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट ) |

## काशी में कराएँ गरीबों को भोजन


संस्थान द्वारा गरीबों में भोजन वितरण करते हुए

कहते हैं कि भूखे को भोजन करवाकर न सिर्फ मन वरन् अंतरात्मा भी संतृप्त होती है। आप भी **रु. 2100/- दान देकर** 50 निर्धन लोगों की क्षुधा शांत कर काशी विश्वनाथ की धरा वाराणसी में पुण्य लाभ कमा सकते हैं।



विश्वास करना एक गुण है, अविश्वास दुर्बलता की जननी है।

''तारा संस्थान, उदयपुर'' राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक : 31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009 द्वारा पंजीकृत है।

आशीर्वाद :
डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार :
श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

डॉ. जे.पी. शर्मा
परम विशिष्ट संरक्षक, तारा संस्थान
शिक्षाविद् व समाजसेवी, दिल्ली

संरक्षक मण्डल :

श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन
दिल्ली

श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)
दिल्ली

श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा
दिल्ली

श्रीमती प्रेम निझावन
दिल्ली

श्रीमती लता - श्री लक्ष्मण दास भाटिया
मुम्बई

श्री ओ.सी. जैन
रतलाम (म.प्र.)

श्री एस.एन. गोयल (एडवोकेट)
दिल्ली

श्री प्रेम सागर गुप्ता
मुम्बई

श्रीमती इला - श्री अनिल गोयल
दिल्ली

श्रीमती राजरानी - (स्व.) श्री राजेन्द्र कुमार जैन
दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक :
कल्पना गोयल

दिग्दर्शक :
दीपेश मित्तल

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर :
गौरव अग्रवाल


तारांशु - वर्ष 10, अंक - 12, मार्च - अप्रैल 2025

## अनुक्रमणिका

विषय ... पृष्ठ संख्या

योजनाएँ ... 02
अनुक्रमणिका ... 03
लेख : छुट्टी गर्मी की ... 04-05
उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी का भव्य उद्घाटन ... 05
कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन ... 06
विधवा मासिक पेंशन योजना / अन्नदान योजना ... 07
मेगा निःशुल्क नेत्र सर्जिकल शिविर समापन समारोह ... 08
''मस्ती की पाठशाला'' ... 09
निर्मला देवी गोयल चैरिटेबल आई हॉस्पीटल का नामकरण समारोह ... 10
उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल - लोनी का भव्य उद्घाटन ... 11-12
तारा केयर, यू.के. प्रतिनिधि मण्डल का उदयपुर दौरा ... 13
न्यूज़ इन ब्रीफ ... 14-15
नेत्रालय मासिक अपडेट्स / पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना / हार्दिक श्रद्धांजलि ... 16
अभिनन्दन ... 17-18
संपर्क सूत्र - तारा संस्थान ... 19

आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल (दाएं) अपने पूज्य माता पिता डॉ. कैलाश ''मानव'' तथा श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सानिध्य में....

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल



# छुट्टी गर्मी की...

हमारे देश की खूबसूरती ही यह है कि यहाँ सारे मौसम है और हर मौसम अपने चरम पर पूरे शबाब से आता है। ठिठुरती ठंड में अलाव, कोट और रजाई, बारिश में छाता और बरसाती और भरी गर्मी में Cotton की साड़ी, कुर्ती व टी–शर्ट सारे सुख हम लेते हैं। गर्मी के मौसम का जो मजा है उसके तो कहने की क्या, मुझे याद है कि जब हम छोटे थे तो पूरा साल इस उमंग में निकल जाता था कि अप्रैल के बाद गर्मी की छुट्टियाँ होगी। आजकल व्हॉट्सएप्प पर बहुत से मैसेज आते हैं जो पुराने दिनों की गर्मी की छुट्टियाँ की याद दिला देते हैं एक ऐसा ही प्यारा सा मैसेज मेरे पास आया तो मैंने सोचा कि आपसे भी शेयर कर लूँ

(1)

**छत पे सोये बरसों बीते तारों से मुलाक़ात किये**
**और चाँद से किये गुफ़्तगू सबा से कोई बात किये।**

**न कोई सप्तऋषि की बातें न कोई ध्रुव तारे की**
**न ही श्रवण की काँवर और न चन्दा के उजियारे की।**

**देखी न आकाश गंगा ही न वो चलते तारे**
**न वो आपस की बातें न हँसते खेलते सारे।**

**न कोई टूटा तारा देखा न कोई मन्नत माँगी**
**न कोई देखी उड़न तश्तरी न कोई जन्नत माँगी।**

**अब न बारिश आने से भी बिस्तर सिमटा कोई**
**न ही बादल की गर्जन से माँ से लिपटा कोई।**

(2)

**अब न गर्मी से बचने को बिस्तर कभी भिगोया है**
**हल्की बारिश में न कोई चादर तान के सोया है।**

**अब तो तपती जून में भी न पुर की हवा चलाई है**
**न ही दादी माँ ने कथा कहानी कोई सुनाई है।**

**अब न सुबह परिन्दों ने गा गाकर हमें जगाया है**
**न ही कोयल ने पंचम में अपना राग सुनाया है।**

**बिजली की इस चकाचौंध ने सबका मन भरमाया है**
**बन्द कमरों में सोकर सबने अपना काम चलाया है।**

**तरस रही है रात बेचारी आँचल में सौग़ात लिये**
**कभी अकेले आओ छत पे पहले से जज़्बात लिये!**

मैं पुरातनपंथी सोच को बिलकुल भी बढ़ावा नहीं देता लेकिन कभी–कभी लगता है कि आजकल के बच्चे कुछ चूक तो नहीं रहे। आज भले ही छुट्टियों में हम स्विट्ज़रलैंड या अमेरिका चले जायें लेकिन हमारा समय उस जगह की खूबसूरती को जज करने के बजाए इस बात में बीतता है कि कितने अच्छे फोटो या सेल्फी ली जाए और उसे फेसबुक पर कितने लाइक मिले। पहले तो इतने पैसे ही नहीं होते थे कि देश में भी हर साल घूमने जायें लेकिन मुझे याद है कि हम अपने दादा–दादी के पास जयपुर जाते थे तो छत पर बिस्तर लगाना और अपना बिस्तर ठंडा रखना तब तक दूसरे के बिस्तर पर सो जाना और कभी आँधी आ जाए (जो जयपुर में अकसर आती है) तो तीसरे माले से बिस्तर नीचे फेंकना और भागकर अंदर आना और बिना लाइटों के सो जाना, क्या मजा था, पानी की कमी थी तो सारे बच्चे घर के बाहर नीचे लगे नल से पानी की बाल्टी भर कर चेन बनाकर उस बाल्टी को आगे बढ़ाते और टंकी भरते थे। दादी के यहाँ जब अमरस बनता था तो सब बच्चों को बस एक–एक कटोरी ही मिलता था लेकिन मैं दादाजी का लाड़ला था तो वो और बच्चों से छुपा कर अपने हिस्से का रस भी मुझे दे देते थे, तब ज्यादा समझ नहीं थी लेकिन उस प्यार का एहसास जरूर था तभी तो ये स्मृतियाँ छप सी गई हैं।



**आँख के बदले में आँख पूरे विश्व को अँधा बना देगी।**

किराए की छोटी–छोटी साइकियों को 2–5 रु. घंटे के हिसाब से लेकर साइकिल चलाना सीखना और फिर बिना ब्रेक की छुटकी सी साइकिल को भी फर्राटे से चलाना शायद डिज्नीलैंड की रोलर कोस्टर राइड से ज्यादा रोमांचकारी होता था। मेरी उम्र 47 वर्ष है और हमारी उम्र वाले 2 पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करते हैं एक जो मोबाइल, कम्प्यूटर, एयरकंडिशनर के बिना वाली और एक वो जो इन सबके साथ वाली। आज के बच्चों के पास सब कुछ है लेकिन वो छत पर सोते तारे गिनने के सुख से वंचित है, टूटता तारा भी वो फिल्मों में ही देखते हैं।

ये सब बातें इसलिए कर ली कि मई का महीना था तो हर साल वो बचपन की गर्मियाँ बार–बार याद आती हैं और आपको भी आती ही होगी। अपने गाँव, अपने शहर की वो गर्मियाँ जहाँ दादी नानी की कहानियों में बचपन बीतता था। मैं इस बहस में नहीं हूँ कि पहले अच्छा था या अब अच्छा है क्योंकि हर समय का अपना एक स्वाद होता है लेकिन अभी के बच्चे ये कभी महसूस नहीं कर पायेंगे कि उनकी गर्मी की छुट्टियाँ समर क्लासेस में खोती जा रही हैं।

वक्त हमेशा तेजी से बदलता है आज से 25–30 साल बाद जब आज के बच्चे जवानी या प्रौढ़ावस्था में होंगे तो उनके पास बचपन में गर्मी की छुट्टियों की यादों में मोबाइल, टी.वी., आई.पी.एल. से हटकर क्या होगा ये मुझे समझ नहीं आ रहा। वैसे अब तो उन्हें कुछ याद रखने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि गूगल की फोटो लाइब्रेरी में सब स्टोर किया होगा और एक आदेश पर गूगल बता देगा कि 15 साल में वो कहाँ गए और 18 साल में जब वो पहली बार कॉलेज गए तो कितनों ने फेसबुक पर उस फोटो को लाइक किया।

कहते हैं समय अपने आपको दोहराता है। क्या कभी छत पर सोने वाले दिन भी वापस आयेंगे? कल्पना कीजिए कि हमने सारे प्राकृतिक संसाधन खत्म कर दिए, न तेल है, न गैस, न ज्यादा खनिज बचे, न पानी तो फिर बिजली भी कहाँ, सारे ए.सी. पंखे सब सजावटी चीज हो गए। मानव वापस छत पे अपना गद्दा तकिया चादर लेकर जाएगा लेकिन थोड़ा संभल कर, तब तक मच्छरों के भी पंख मजबूत हो जायेंगे वो भी आ जायेंगे छत पर आपके कानों में गुनगुनाने को

**आपके बच्चों, पोते-पोतियों, नाती नातिनों को कहियेगा कि गर्मी की छुट्टियों में खूब मस्ती करें क्योंकि ये पल लौट के ना आयेंगे...**

**– दीपेश मित्तल**

## उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल – लोनी ( गजियाबाद )

### अन्तर्गत : तारा संस्थान – उदयपुर ( राज. )

जो एकल माताओं (जिनके पति की मृत्यु हो गई है या जो अपने पति से अलग रह रही है) के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था करता है एवं साथ ही निर्धन परिवार के बच्चों के लिए आंशिक शुल्क के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की व्यवस्था करता है।



**एकल माताओं के बच्चों के लिए दान राशि 12,000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका के लिए पूर्णतया निःशुल्क**
**निर्धन परिवार के बच्चों के लिए 6000/- प्रतिवर्ष एक बालक / बालिका**

# कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन







तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम आवासियों के लिए एक नई पहल की गई है। वृद्धाश्रम में निवास करने वाले वो बुजुर्ग जो ज्यादा चलने फिरने में असमर्थ हैं, जो कभी संस्थान से बाहर घूमने फिरने नहीं जा पाते हैं, उनको संस्थान हर हफ्ते उदयपुर के सार्वजनकि स्थानों पर अपनी बस द्वारा इनको ले जायेगा। और इनको वही सुखद एहसास कराने की पूरी कोशिश करेगा जो हम और आप अपने परिवार वालों के साथ किसी जगह घूमने पर महसूस करते हैं। इनको घुमाया फिराया जायेगा, मन पसंद नास्ता – पानी, मौज – मस्ती सब कराया जायेगा जिसकी इनके जीवन में फ़िलहाल कमी महसूस की जा रही है। इस सिलसिले में इन्हे उदयपुर के विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील पर ले जाया गया, जहाँ इन्होने खूब मौज मस्ती की, चना जोर गरम खा के बचपन की यादें ताजा हो आई सभी की। अंत में सभी को गर्मी के मौसम के देखते हुए गन्ने का जूस पिलाया गया। इस दिन को सभी ने बहुत अच्छे से जिया और फोटो में उनके चेहरे के हावभाव देखकर आप इनकी खुशी का अंदाजा लगा सकते हैं।

| आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग ) | वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन |
| --- | --- |
| 01 वर्ष – 60000 रु., 06 माह – 30000 रु., 01 माह – 5000 रु. | 4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट ) |



**क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के दुश्मन हैं।**

## इस मदद के लिए धन्यवाद तारा संस्थान : रेखा ओढ़



ये हैं रेखा, उदयपुर, राजस्थान की ही निवासी और तारा संस्थान की गौरी योजना से लाभान्वित 28 वर्षीया विधवा महिला, जिसके तहत इनको हर महीने 1000 रूपये नगद की सहायता की जाती है। दो साल पहले इनके पति की अचानक किसी वजह से मृत्यु हो गई, अचानक हुए इस हादसे से इनको गहरा आघात लगा, क्योंकि घर में वही कमाने वाले थे। इनके छोटे छोटे 2 बच्चे हैं जिनकी देखभाल की सारी जिम्मेदारी इनके अकेले के ऊपर आ गई। घर परिवार से भी कोई खास सहयोग इनको नहीं मिला जिससे इनको अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सताने लगी। फिर इन्हे कहीं से तारा संस्थान की विधवा सहायता योजना का पता चला तो तुरंत इन्होने यहाँ संपर्क किया और संस्थान ने इनकी सारी स्थिति जानने के बाद इनको इस सहायता से जोड़ लिया जिसके बाद अब इनके हालात पहले से थोड़ा बेहतर हुए हैं।

**विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) योजना सहायता : प्रति विधवा 01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.**

## तारा से मिला सहारा : कमला बाई



कमला बाई, उदयपुर की ही निवासी हैं, पिछले 2 साल से तारा संस्थान की तृप्ति योजना की लाभार्थी हैं। इसमें इन्हे हर महीने राशन और 300 रुपये नगद की मदद दी जाती है। इनके 2 विवाहित बेटियां हैं, इनके पति की मृत्यु हो चुकी है और ज्यादा उम्र होने के कारण आजीविका हेतु कोई काम भी नहीं कर सकती हैं। इनके आय का कोई साधन भी नहीं है जिस वजह से इनको अपना जीवन यापन करने में परेशानी आ रही थी। इनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए तारा संस्थान अपने दानदाताओं के सहयोग से आगे भी इनकी मदद करता रहेगा।



**अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता : 01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.**

यद्यपि आप अल्पमत में हों, पर सच तो सच है।

# मेगा निःशुल्क नेत्र सर्जिकल शिविर समापन समारोह




तारा संस्थान द्वारा सिरोही जिले में मार्च माह में लगाए गए आँखों की निशुल्क जाँच और निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर का भव्य समापन समारोह संस्थान के उदयपुर में संचालित श्री सचिन भाटिया आई हॉस्पिटल में रखा गया। जिसमे इन कैम्पों से लाभान्वित करीब 300 मरीज शामिल हुए। जिसमें उनको संस्थान के डॉक्टर्स द्वारा आँखों की देखभाल से सम्बंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में तारा संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल और संस्थान के संस्थापक एवं सचिव दीपेश मित्तल ने भी मरीजों से बातचीत कर उनसे संस्थान के कैंप से मिली सुविधाओं के बारे में उनकी राय जानी और संस्थान के अस्पताल पर भरोसा जताने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।





**नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन ) : 17 ऑपरेशन 59500 रु., 09 ऑपरेशन 31500 रु., 06 ऑपरेशन 21000 रु., 03 ऑपरेशन 10500 रु., 01 ऑपरेशन 3500 रु.**



**जो भी चाहे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुन सकता है, वह सबके भीतर है।**

# गुजरता वक्त और आने वाला समय एक साथ




नए साल 2025 की इससे अच्छी शुरुआत क्या हो सकती है जहाँ एक गुजरता वक़्त और आने वाला समय एक साथ मिलकर नए साल का स्वागत करें। तारा संस्थान की मस्ती की पाठशाला के बच्चे और तारा संस्थान के वृद्धाश्रम निवासियों ने नए साल के स्वागत में साथ में डांस, गाना, गरबा किया और फिर एक साथ लंच भी किया। आप सभी को भी तारा संस्थान परिवार की तरफ से नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें।

# होली की मस्ती, मस्ती की पाठशाला में





तारा संस्थान द्वारा मजदूर वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित मस्ती की पाठशाला में बच्चों ने इस होली को खूब हर्षोल्लास से मनाया और एक दूसरे को गुलाल से भर दिया। तारा संस्थान आप सभी पाठकों से ये अपील करता है की आप भी ऐसे किसी भी त्यौहार को इन बच्चों के साथ मनाने का जरूर विचार करें, इस पहल से इनकी और आपकी त्यौहार की खुशियां दोगुनी हो जायेगी।

**मजदूरों के 1 बच्चे की शिक्षा सौजन्य सहयोग रु. 6000/- प्रति वर्ष**

# निर्मला देवी गोयल चैरिटेबल आई हॉस्पीटल
# अन्तर्गत : तारा नेत्रालय, दिल्ली का नामकरण समारोह




**दिल्ली हॉस्पिटल के नामकरण के तहत नाम पट्टिका का अनावरण करते हुए श्री एस. एन. गोयल**




श्री एस. एन. गोयल (एडवोकेट) को नामकरण समारोह में अभिनन्दन पत्र भेंट करते हुए तारा संस्थान से बाएं से दीपेश मित्तल, संस्थापक एवं सचिव, कल्पना गोयल, संस्थापक एवं अध्यक्ष, सत्यभूषण जैन, संरक्षक, दिल्ली, दाएं से आस्था गोयल, प्रबंधक, दिल्ली, तारा नेत्रालय, जे. पी. शर्मा, संरक्षक, दिल्ली एवं श्रीमती प्रेम निझावन, संरक्षक, दिल्ली।

निर्मला देवी गोयल चेरिटेबल आई हॉस्पीटल, अन्तर्गत तारा नेत्रालय, दिल्ली का नामकरण समारोह श्री एस. एन. गोयल (एडवोकेट) निवासी दिल्ली द्वारा अपने (सुपुत्रों) श्री अरूण गोयल (एडवोकेट), श्री तरूण गोयल, श्री संजय गोयल एवं समस्त गोयल परिवार की उपस्थिति में दिनांक 02 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी) को दिल्ली में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम श्रीमती प्रेम निझावन, श्री सत्यभुषण जैन, श्री जे. पी. शर्मा, श्रीमती हर्ष आर्या, श्री तेजराम सैनी व दिल्ली के 150 दानदाताओं की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।






**मैं मरने के लिए तैयार हूँ, पर ऐसी कोई वजह नहीं है जिसके लिए मैं मारने को तैयार हूँ।**




**लोनी, ग़ाज़ियाबाद में नव निर्मित उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल**

# उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल लोनी ( गाजियाबाद ) का भव्य उद्घाटन 20 अप्रैल, 2025

**( विधवा महिलाओं के बच्चों के लिए नि:शुल्क स्कूल )**

संस्थान के संरक्षक आदरणीय डॉ. जे.पी. शर्मा साहब ने एक पहल लोनी में विद्यालय हेतु भूमि दान कर के साथ ही भवन निर्माण में भी सहयोग दिया। आदरणीय शर्मा सा. की पहल को आप सभी जो संस्थान से जुड़े है, अपना अमूल्य सहयोग देकर आगे बढ़ाया और फिर इसे परिणाम तक पहुँचाने का संकल्प लिया दिल्ली निवासी श्री अनिल जी और उनकी पत्नी श्रीमती इला जी गोयल ने जिन्होंने विद्यालय को अपनी माताजी स्व. श्रीमती उमा रानी के नाम पर समर्पित करने का निर्णय लिया। इस विद्यालय का उद्घाटन समारोह दिनांक 20 अप्रैल, 2025 को किया गया है।

**मम्मी की स्मृति में भावांजलि – ''माँ'' एक शब्द ही सभी एहसासों और स्मृतियों को अपने में समेटे हुए है :**

**ऐ माँ तेरी सूरत से अलग – भगवान की सूरत क्या होगी**
**उसको नहीं देखा हमने कभी पर इसकी जरूरत क्या होगी।**
**ममता ही लुटाएँ जिसके नयन ऐसी कोई मूरत क्या होगी।**

**अशोक गोयल ( पुत्र )**
**अटलांटा ( अमेरिका )**



फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन करते श्री अतुल जी गर्ग (सांसद) गाजियाबाद, श्री सत्यभूषण जी जैन दिल्ली, डॉ जे.पी. शर्मा जी (दिल्ली), श्रीमती इला जी – श्री अनिल जी गोयल (दिल्ली) एवं श्रीमती कल्पना गोयल, संस्थापक एवं अध्यक्ष तारा संस्थान उदयपुर।




स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर नामकरण पट्टिका के सामने ग्रुप फोटो



स्कूल के बच्चों, उनके अभिभावक और स्कूल की टीचर्स के साथ एक कक्षा में बाकी सभी सदस्यों के साथ



स्कूल के जूनियर सेक्शन के बच्चों से रूबरू होते हुए



बीजेपी सांसद, गाजियाबाद को सम्मान पत्र भेंट करते हुए तारा संस्थान से दीपेश मित्तल, जे.पी. शर्मा, अनिल गोयल एवं सत्यभूषण जैन

**माँ.. शब्द अपने आप में इतने अहसासों को समाहित किए है**
**कि उनकी गरिमा और ममत्व प्यार का ही स्पंदन हैं मैं**
**मातश्री को शत शत नमन करती हूँ...**

**मम्मी की स्मृतियाँ.. माँ तुम अनन्त हो**
**जीवन के अस्तित्व की श्वांस हो तुम माँ ..**
**समय के सोपान पर सुन्दरम् की प्रतिभूति हो माँ**
**कैसे व्यक्त करूँ शब्दों में तुम समा नहीं सकती**
**शब्दों - अर्थों में तुम मेरा अस्तित्व हो माँ**
**जीवन का स्पंदन हो माँ चेतना का आधार हो माँ ...**

**प्रो. ( डॉ. ) रेणु शाह, जोधपुर ( राज. )**



**सत्य बिना जन समर्थन के भी खड़ा रहता है, वह आत्मनिर्भर है।**

# तारा केयर, यू.के. प्रतिनिधि मण्डल का उदयपुर दौरा



तारा केयर यूके के ट्रस्टी श्री के. आर. पाराशर और मंजीत जी राय, सपरिवार और कॉन्वेंट्री फोनिक्स लायंस क्लब के सदस्यों के साथ भारत भ्रमण के दौरान तारा संस्थान उदयपुर के दौरे पर आए। इस दौरान सभी ने संस्थान के निशुल्क अस्पताल, श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम एवं मां द्रौपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम का विजिट किया गया, बुजुर्गों के हालचाल जाने, उनके साथ के लम्हे अपने मोबाइल में कैद किये। शाम के समय राजस्थानी पारम्परिक परिधान में वृद्धाश्रम बुजुर्गों के साथ भजनों पर नृत्य एवं गुजराती गरबा भी किया।



कैसी है आप माँ?
आपको यहाँ देख के अच्छा लग रहा है



आप लोग ऐसे ही मिलने आते रहा करो,
अच्छा लगता है



शिखर भार्गव स्कूल के बच्चों के बारे में मेहमानों को बताते हुए
संस्थान संस्थापक और सचिव दीपेश मित्तल



मस्ती की पाठशाला के बच्चों के साथ
ग्रुप फोटो लेकर यादें लेकर गए

सत्य कभी ऐसे कारण को क्षति नहीं पहुंचाता जो उचित हो।

## News in Brief : 1

### 01-03-2025 — आजादी के बाद पहली बार नि:शुल्क आँखों की जाँच के लिए शिविर




आजादी के बाद पहली बार सिरोही जिले के आमलारी गांव में किसी संस्था द्वारा लगाया गया आँखों की निशुल्क जाँच के लिए शिविर।

### 03-03-2025 — आनन्द वृद्धाश्रम आवासियों की पिकनिक



जैन सोशल ग्रुप विजय द्वारा, तारा संस्थान के वृद्धाश्रम आवासियों के लिए अड़िंदा पार्श्वनाथ जी मंदिर भ्रमण और अरबानिया रिसोर्ट में पिकनिक का आयोजन किया गया। जहाँ मंदिर दर्शन के बाद रिसोर्ट में उनको चाय नाश्ता कराके तरह – तरह के मनोरंजक खेल खिलाए गए और खेल में जीतने वाले बुजुर्गों को इनाम भी दिया गया।

### 08-03-2025 — पोस्टर विमोचन – पिंक साड़ी रन 2.0



जूनियर चेंबर इन्टरनेशनल उदयपुर ने तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रम में पिंक साड़ी रन 2.0 पोस्टर का विमोचन किया। जे.सी. आई द्वारा वृद्धाश्रम में रह रही महिला आवासियों को पिंक साड़ी रन 2.0 मैराथन में आमंत्रित किया।

### 15-03-2025 — आनंद वृद्धाश्रम में रंगों की छटा बिखारी



होली के पावन अवसर पर आनंद वृद्धाश्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। सभी आवासियों ने मिलकर रंग, फूलों और मिठाइयों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। संगीत, हँसी और साथ बिताए गए पलों ने इस दिन को खास बना दिया। वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और रंगों की चमक देखने लायक थी।

### 17-03-2025 — कलश रथ यात्रा का स्वागत



गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से भारत भ्रमण पर निकली अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा राजस्थान के उदयपुर पहुंचने पर, तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम के आवासी बुजुर्गों ने माँ गायत्री की पूजा कर माला पहनाई। सभी ने मिलकर आरती की और भजन गाये, आवासीय बुजुर्गों ने हाथ जोड़कर विश्व कल्याण की कामना की।

### 27-03-2025 — सात दिवसीय भागवत कथा का समापन



इस अवसर पर तारा संस्थान संस्थापक एवं अध्यक्ष कल्पना गोयल, संस्थापक एवं सचिव दीपेश मित्तल, समाज सेवी डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, काली कल्याण धाम के गादिपति डॉ. हेमंत जोशी एवं सर्व सनातन एकता संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



मेरा जीवन मेरा सन्देश है।

**10-04-2025** **महावीर जयंती पर सेवा और संवेदना का संगम**



महावीर जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संसथान के सदस्यों ने तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम निवासियों को स्नेहपूर्वक भोजन करवाकर करुणा, सेवा और परोपकार की प्रेरणा को जीवंत किया। यह पावन दिन बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और दिलों में अपनत्व की गर्माहट छोड़ गया।

**11-04-2025** **स्नेह, सराहना और सेवा का अनुपम संगम**



तारा संस्थान के उदयपुर कार्यालय में दिल्ली से पधारे हमारे आदरणीय दानदाता श्री ओमप्रकाश राठी जी अपने परिवार सहित पहुंचे। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित सभी वृद्धाश्रमों का दौरा कर बुजुर्गों से आत्मीय भेंट की और उनके हालचाल जाने। उनकी यह सद्भावनापूर्ण उपस्थिति सभी निवासियों के लिए प्रेरणा और स्नेह का स्रोत बनी।

**14-04-2025** **मुस्कुराहट सबसे कीमती उपहार.... संबोध मुनि महाराज**



ईश्वर का सबसे कीमती उपहार मुस्कान है। मुस्कुराहट हर तनाव दर्द की दवा है यह बात संबोध महाराज साहब ने तारा संस्थान द्वारा संचालित मां द्रौपदी देवी आनन्द वृद्धाश्रम में प्रवचन में कही, उन्होंने कहा की आप लोग खुश नसीब है जो इतने अच्छे माहौल में रह रहे हैं। अपनी लाइफ को सेलिब्रेट करें, मुनिश्री के प्रवचन सुनकर बुजुर्गों में ऊर्जा का संचार हुआ।

**18-04-2025** **सेवा के संग मुस्कान की सौगात**



उदयपुर के आर.आर. डेंटल कॉलेज की मेडिकल टीम द्वारा आनंद वृद्धाश्रम में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। बुजुर्गों की स्वास्थ्य जाँच और परामर्श के साथ उन्हें बेहतर मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। इस सेवा कार्य ने न सिर्फ़ दांतों की देखभाल की, बल्कि चेहरों पर सच्ची मुस्कान भी लौटाई।

**24-04-2025** **भीषण गर्मी में ताजगी की बूंद – तारा संस्थान की मानवता भरी पहल**




गर्मियों की तपती दोपहर में जब सूरज की किरणें तीव्रता से धरती को झुलसाने लगती हैं, तब एक घूंट ठंडा पानी न केवल शरीर को राहत देता है, बल्कि मन को भी सुकून पहुंचाता है। इसी भावना को जीवंत करते हुए तारा संस्थान ने इस भीषण गर्मी के मौसम में देशभर के अपने सभी केंद्रों पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की है।

**26-04-2025** **आँखों की रोशनी के लिए सेवा का संकल्प**




तारा संस्थान और SBI Foundation के संयुक्त प्रयास से सिरोही जिले के लोगों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर नेत्र स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक सलाह प्रदान करना है, ताकि आंखों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निदान और उपचार संभव हो सके।

नेत्रालय मासिक अपडेट्स : **मोतियाबिन्द जाँच – ऑपरेशन हेतु चयन शिविर**

तारा संस्थान निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (गाजियाबाद) स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह मार्च से अप्रैल 2025 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविर : **भार्गव साहब – दिल्ली, चेतना इंडिया, अहमदाबाद, डीबीसीएस, ईसीजीसी, जैन धर्मार्थ अस्पताल – नासिक, श्री जितेंद्र नंदा, श्री कैलाश चन्द्र गोयल, कमल मॉडल पब्लिक स्कूल – दिल्ली, मालाश्री फाउंडेशन – दिल्ली, एनपीसीबी, पिनेकल कैपिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड – गुड़गाँव, प्रधान हार्डवेयर – लोनी, श्रीमती सुषमा – सत्यभूषण जैन – दिल्ली, एसबीआई फाउंडेशन, श्री चिरंजी लाल जैन – पंजाब**






## पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना : 8000 रुपये

तारा संस्थान, उदयपुर की यह विशेष पहल उन परिवारों के लिए समर्पित है जो अपने दिवंगत परिजनों की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते हैं। इस योजना के अंतर्गत, परिवारजन 8,000 रुपये का योगदान देकर संस्थान के वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए भोजन सेवा का आयोजन कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर दिवंगत आत्मा की तस्वीर प्रदर्शित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे, जिससे उनकी यादें और आशीर्वाद इस कार्य के माध्यम से जीवित रहेंगी। यह एक अद्वितीय अवसर है अपने प्रियजन की स्मृति को सेवा और मानवता के रूप में सम्मानित करने का।

## हार्दिक श्रद्धांजलि

**तारा संस्थान के इन दानदाताओं का स्वर्गवास हो गया। तारा संस्थान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**
**हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व उनके परिवार को सम्बल प्रदान करें।**


स्व. श्री कांति प्रसाद जी मौलेखी
कानपुर (उ.प्र.)


स्व. श्री सुभाष चन्द्र जी मल्होत्रा
लुधियाना (पंजाब)


स्व. श्रीमती सरला देवी जी
पालमपुर (हि.प्र.)


स्व. डॉ. आनन्द कुमार जी बरनवाल
लखनऊ (उ.प्र.)


स्व. श्रीमती गोमती देवी जी
अग्रवाल


स्व. श्रीमती कुसुम जी कोचर
कोलकाता


स्व. राधेश्याम जी खण्डेलवाल
कैसरबाग

आदरणीय,

आपने वित्तीय वर्ष 2025–2026 में तारा संस्थान में दान देकर कई जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत पहुँचाई। आपका अनेक धन्यवाद। अतः आपसे निवेदन है कि INCOME TAX के नियमानुसार यदि आप TAX में छूट चाहते हैं तो आपका PAN NO. संस्थान को देना जरूरी है। इसे हम अपने INCOME TAX RETURN के 10 BD में सूचित करेंगे तो ही आपको छूट मिलेगी। यदि आप छूट ना भी लेना चाहें तो आप निम्न में से कोई भी ID दे देवें।

**● VOTER ID ● AADHAR CARD ● RASHAN CARD ● PASSPORT ●**

यह भारत सरकार के नियमानुसार अनिवार्य है। कृपया आप इस व्हाट्सएप्प नम्बर **9549399993** पर सूचित करावें।

आदर सहित....!

**कल्पना गोयल**



**भगवान का कोई धर्म नहीं है। – महात्मा गाँधी**

# 'तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया'



श्री मंगलेश कुमार जी<br>गाजियाबाद ( उ.प्र. )

श्रीमती रमी सेठ<br>नई दिल्ली

श्री कचरूमल जैन<br>सलुम्बर ( राज. )

श्री राजीव चोपड़ा<br>लुधियाना ( पंजाब )

श्री गौरामल सुरेन्द्र मोहन<br>अमृतसर ( पंजाब )

श्री आशीष जांगड़ा<br>जालंधर ( पंजाब )

श्री प्रकाश चन्द्र गर्ग<br>टोंक ( राज. )

श्री हेमन्त शर्मा<br>दिल्ली



श्री प्रदीप कुमार जी<br>दिल्ली

श्री किशोर जिज्ञासी<br>नीमच ( म.प्र. )

श्री राजेन्दर प्रकाश भारद्वाज<br>नई दिल्ली

श्री विनोद वर्मा<br>शालीमार बाग, दिल्ली

श्री उम्मेद सिंह गहलोत<br>जोधपुर

श्री जितेन्द्र कुमार जैन<br>अलवर ( राज. )

श्री ओमप्रकाश अग्रवाल<br>दिल्ली

श्री तरसेम लाल जी<br>लुधियाना ( पंजाब )



श्री अशोक मेहता<br>बैंगलोर

श्री रघुवंशी मालवीय<br>कोटा

श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल<br>दिल्ली

राम पाण्डे<br>जयपुर

श्री अतुल गर्ग<br>फरीदाबाद ( हरि. )

श्री प्रदीप जी<br>पटियाला ( पंजाब )

श्री आर.एस. गागर ( माहेश्वरी )<br>कोटा

श्री धर्मपाल ठाकुर<br>लुधियाना



श्री मनीष आनन्द<br>जबलपुर ( म.प्र. )

श्री रजनीश बंसल<br>उदयपुर

श्री राधा मोहन गुप्ता<br>जयपुर

श्री गोबिन्द लाल बत्रा<br>दिल्ली

श्री डी.के. शर्मा<br>दिल्ली

श्री नन्द किशोर शाह<br>दिल्ली

श्री पवन कुमार जी<br>अमरोली, सूरत ( गुज. )

श्री पंकज कापड़िया<br>सूरत ( गुज. )



श्री बाबूलाल सितपुरिया<br>ताल ( म.प्र. )

श्री जे.पी. गौतम<br>जयपुर

श्री सतीश कालरा<br>रूड़की ( उ.ख. )


श्री नन्दकिशोर ( मेमको )<br>अहमदाबाद

श्री महावीर जैन<br>अहमदाबाद

श्री प्रताप नारायण दीक्षित<br>ताल ( म.प्र. )

श्री जगदीश काला<br>ताल ( म.प्र. )

श्री नरसिंह भाई बातुका<br>अहमदाबाद



श्री जगदीश जोनवाल<br>रतलाम ( म.प्र. )

श्री मनोज शर्मा<br>रतलाम ( म.प्र. )

श्री अतीस गुलाटी<br>अहमदाबाद


श्री प्रमोद माहेश्वरी<br>रूड़की ( उ.ख. )

श्रीमती विजय सेठी<br>देहरादून ( उ.ख. )

श्री वैभव गुप्ता<br>दिल्ली

श्री सर्वेश मिश्रा<br>प्रयागराज ( उ.प्र. )

श्रीमती इंदिरा कंवर<br>जोधपुर



श्री गोपाल कृष्ण महाजन<br>पठानकोट ( पंजाब )

श्री आर.आर. अग्रवाल

श्री नरेन्द्र कुमार जी<br>बठिंडा ( पंजाब )

श्री अमर चन्द गोयल<br>बठिंडा ( पंजाब )

श्री रामपाल जी ( बिट्टू )<br>लुधियाना

श्रीमती सुनीता जी<br>मलेरकोटला ( पंजाब )

श्री कुंदनमल गन्ना<br>बैंगलोर

श्री भंवरलाल जी

मैं किसी को भी गंदे पाँव के साथ अपने मन से नहीं गुजरने दूंगा।

# 'तारा परिवार का सौभाग्य है कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया'



श्री सत्यनारायण शर्मा बाबूजी
जयपुर (राज.)

कर्नल राजमल जैन
कोटा (राज.)

मेजर जगदीप सिंह
जालंधर (पंजाब)

श्री एस.एन. गुप्ता
गाजियाबाद

श्री नटवर लाल जिन्दल
जांजगीर चांपा (छ.ग.)

श्री कमलेश जैन
जयपुर

श्री एम.एल. सेन
जयपुर

श्री भगवती लाल सुथार
उदयपुर



श्री जय परिहार
जोधपुर

श्री राजकुमार साबू
मुम्बई

श्री संजय शर्मा
कोटा

श्री गजानन्द संघी
हैदराबाद

श्री अम्बिका प्रसाद मिश्रा
लखनऊ

श्री राजिन्दर कुमार चोपड़ा
लखनऊ

श्री भगवान प्रसाद
हैदराबाद

श्री ओम नारायण गौतम
बैंगलोर



श्री विपिन सरना
जालंधर

श्री सुनील जी
बैंगलोर

श्री राकेश ग्रोवर
अलवर

श्री एल.आर. भारद्वाज
दिल्ली

श्री महेन्दर पाल अग्रवाल
दिल्ली

श्री अंकुश आनन्द
जबलपुर

श्री गोपाल भारती
ग्वालियर

श्री कुंजबिहारी अग्रवाल
जयपुर



श्रीमती शीला अरुण
दिल्ली

श्री पी.के. अग्रवाल
गाजियाबाद

श्रीमती पूनम मल्होत्रा
फरीदाबाद

श्री गेहीमल वाधुमल
सेवारामाणी, अहमदाबाद

श्री ईश्वर लाल अग्रवाल
अहमदाबाद

श्री तीर्थदास जी
खैरथल-तिजारा (राज.)

श्री हरगोविन्द अग्रवाल
अहमदाबाद

श्री अशोक पण्डिया
रतलाम (म.प्र.)



श्री ज्ञान प्रकाश कुलश्रेष्ठ एवं श्री पंकज कुलश्रेष्ठ
देहरादून

श्री पुनीत बट्टा, श्री प्रदीश बट्टा, श्री ओम बट्टा
पटियाला (पंजाब)

श्रीमती एवं श्री बिशन स्वरूप अग्रवाल
हैदराबाद

श्री रविन्दर तलवार एवं श्रीमती अरुणा तलवार
दिल्ली



श्री महेश शर्मा एवं श्री अश्विनी कुमार एवं
श्री राकेश जायसवाल, जयपुर

श्रीमती एवं श्री चन्द्रभान उपाध्याय
आगरा

श्री रूपेश्वर पालीवाल एवं श्रीमती मंजू पालीवाल
जयपुर

श्रीमती सबनम जी एवं श्रीमती यशोदा जही
देहरादून



गायत्री भजन मण्डली
देहरादून

श्री एच.बी. माथुर एवं श्रीमती रेखा माथुर
जयपुर

श्री नितिन कुमार अग्रवाल सुपुत्र श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल
गाजियाबाद

श्री संजय कुमार जैन एवं श्रीमती नीता जैन
जबलपुर



अपनी गलती तुरन्त स्वीकार करने वाले व्यक्ति सद्गुणी होते हैं

## AREA SPECIFIC TARA SADHAKS CONTACT NUMBER LIST

| | | |
|---|---|---|
| **Area Delhi**<br>Cell : 7821855747 | **Area Delhi**<br>Cell : 7821055717 | **Area Delhi**<br>Cell : 7821855741 |
| **Area Mumbai**<br>Cell : 7821855738 | **Area Mumbai**<br>Cell : 7821855751 | **Area Jaipur (Raj.)**<br>Cell : 9983560006 |
| **Area Lucknow (UP)**<br>Cell : 9358300777 | **Area Punjab**<br>Cell : 7821055718 | **Area Jodhpur, Kanpur**<br>Cell : 9001324709 |
| **Area Surat (Guj.)**<br>Cell : 7821855726 | **Area Hyderabad**<br>Cell : 7821855746 | **Area Noida, Ghaziabad**<br>Cell : 7821855750 |
| **Area Chandigarh (HR)**<br>Cell : 7821855756 | **Area Nagpur, Pune**<br>Cell : 7821855736 | **Area Karnatak**<br>Cell : 7230066286 |
| **Area Gurgaon, Faridabad**<br>Cell : 7821855758 | **Area Raipur, Durg, Bilaspur (C.G.), Patna (Bihar)**<br>Cell : 8696696345 | |
| **Area Uttarakhand**<br>Cell : 7229852227 | **Area Ahmedabad (Guj.), Ratlam, Mandsaur, Neemuch (MP)** Cell : 7821855745 | |

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNTS

ICICI Bank (Madhuban) . . A/c No. 004501021965 . . . . . . . IFSC Code : ICIC0000045
State Bank of India . . . . A/c No. 31840870750 . . . . . . . . IFSC Code : SBIN0011406
IDBI Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 1166104000009645 . IFSC Code : IBKL0001166
Axis Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 912010025408491 . . . IFSC Code : UTIB0000097
HDFC Bank . . . . . . . . . . . . A/c No. 12731450000426 . . . . IFSC Code : HDFC0001273
Canara Bank . . . . . . . . . . A/c No. 0169101056462 . . . . . IFSC Code : CNRB0000169
Central Bank of India . A/c No. 3309973967 . . . . . . . . . IFSC Code : CBIN0283505
Punjab National Bank . A/c No. 8743000100004834 . IFSC Code : PUNB0874300
Bank of Baroda . . . . . . . A/c No. 30250100014174 . . . . IFSC Code : BARB0HIRANM

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. **09549399993 and / or 09649399993**

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to **"TARA SANSTHAN"** may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

**Shri Sachin Bhatia Eye Hospital - Udaipur (Under Tara Sansthan, Udaipur)**
236, Hiran Magari, Sector 6, Udaipur (Raj.)-313002, Mob. No. 7821855749

**Nirmala Devi Goyal Charitable Eye Hospital - Delhi (Under Tara Netralaya, Delhi)**
371, Main Najafgarh Road, Opposite Metro Pillar No. 724, Nawada, Uttam Nagar, New Delhi-110059
Mob. No. 9560626661

**Tara Netralaya - Mumbai**
2nd Floor, Sneh Crown, Near Apna Ghar Phase - 3, Kala Silk, Silvar Sarita, Meera Village, Kashimira, Thane-401107 (Maharashtra)
Mob. No. 7821855748, 9529285557

**Tara Netralaya - Faridabad**
3 E / 12 & 13, Bungalow Plot, Pulia No. 3, Masjid Road, Near Church, Main Road, N.I.T. 3, Faridabad (HR)
Mob. No. 7821855758

**Tara Netralaya - Loni**
Pt. Munshilal-Draupadi Devi Free Eye Hospital
Plot No: 78-79, Shiv Vihar Coloney, Near Mokshdham Mandir, Chirodi Road, Banthla Loni, Gaziabad-201102 (U. P.)
Mob. No. 7821855757

**Smt. Krishna Sharma Anand Vruddhashram - Udaipur**
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 7821055720

**Maa Draupadi Devi Anand Vruddhashram - Udaipur**
#351/352, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. No. 9773385330

**Tara Sansthan Rajkiya Vruddhashram - Balicha**
100ft. Road, Om Banna Road, Opp. Hyundai Show Room, South Extension, Balicha, Udaipur 313001
Mob. No. 7229852229

**Ravindra Nath Gaur Anand Vruddhashram - Prayagraj**
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town, Prayagraj - 211002 (U.P.), Mob. No. 7821855755

**Mumukshu Bhawan - Varanasi**
Ganga Ghat Gate No. 1, Near Neelkanth Temple, Kashi Vishvanath Corridor, Varanasi (U.P.)
Mob. No. 7230073331

**Shikhar Bhargava Public School - Udaipur**
H.O. Bypass Road, Gokul Village, Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.), Mob. No. 9636016973

**Uma Rani Goyal Public School - Loni**
Plot No. 24A, Ram Vihar Colony, Loni, Ghaziabad (U.P.)
Mob. No. 96725111174

**Masti Ki Pathshala - Udaipur**
68, Satyadev Colony 2, Sector 9, Kachi Basti, Savina, Udaipur (Raj.), Mob. No. 9829652908

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, मार्च - अप्रैल 2025
प्रेषण तिथि : 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर
समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2021-2023
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

**तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग - सौजन्य राशि**

### सहयोग राशि

आजीवन विशिष्ठ संरक्षक 51000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 3 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन

आजीवन सदस्य 11000 रु.

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 59500 रु., 09 ऑपरेशन - 31500 रु., 06 ऑपरेशन - 21000 रु., 03 ऑपरेशन - 10500 रु., 01 ऑपरेशन - 3500 रु.

### अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री

01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.

### विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) प्रति विधवा

01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.

### आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु.

### वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन

4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट )

### पुण्यतिथि भोजन सेवा योजना

8000 रु.

### मस्ती की पाठशाला

वार्षिक शिक्षा 6000 रु. एवं भोजन 3000 रु. ( 60 बच्चे / 1 समय )

### उमा रानी गोयल पब्लिक स्कूल, लोनी ( गाजियाबाद )

12000 रु. प्रति विद्यार्थी वार्षिक शिक्षण सहयोग

**काशी विश्वनाथ** में 50 निर्धनों को भोजन दान 2100 रु.

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

**ICICI BANK (MADHUBAN)**
A/c No. 004501021965 IFSC Code : ICIC0000045

**STATE BANK OF INDIA**
A/c No. 31840870750 IFSC Code : SBIN0011406

**AXIS BANK**
A/c No. 912010025408491 IFSC Code : UTIB0000097

**HDFC**
A/c No. 12731450000426 IFSC Code : HDFC0001273

**PUNJAB NATIONAL BANK**
A/c No. 8743000100004834 IFSC Code : PUNB0874300

**BANK OF BARODA**
A/c No. 30250100014174 IFSC Code : BARB0HIRANM

**PAN CARD NO. TARA - AABTT8858J**

मोबाइल से स्केन कर हाथों हाथ सहयोग भेजें।

| Paytm | Google Pay | PhonePe |
|---|---|---|
| 9549399993 | 7821855724 | 7821855724 |

**FOLLOW US**

www.instagram.com/tarasansthan
www.facebook.com/TaraSansthan
www.youtube.com/@TaraSansthanNGO
www.x.com/sansthantara
www.linkedin.com/company/tara-sansthan

काशी विश्वनाथ कोरीडोर में तारा संस्थान द्वारा संचालित **मुमुक्षु भवन** के बुजुर्गों के एक समय के भोजन हेतु दान सहयोग राशी 3100 रु.

बुक पोस्ट

Tara
TARA SANSTHAN
तारा संस्थान
+91 9549399993
+91 9649399993
डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन, 236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org, Website : www.tarasansthan.org